तापमान
अधिकतम 22 डिग्री
न्यूनतम 9 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक



## खबर संक्षेप

### पीपरपारा में आयुष शिविर का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** आयुष विभाग छग द्वारा 19 दिसंबर को पीपरपारा, तिलवनडांड विकासखंड बैकुंठपुर में ओए और एमएसडी व वयोमित्र कार्यक्रम के तहत निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वातरोगों जैसे ऑस्टियोआर्थराइटिस व मांसपेशीगत व्याधियों से बचाव व चिकित्सा, जन-जन तक आयुष सेवाओं का प्रसार, परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूकता, वृद्धजन के स्वास्थ्य संरक्षण तथा मौसम अनुरूप आहार-विहार की जानकारी प्रदान करना था।

### अंकुर बने अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा संगठनात्मक विस्तार के तहत जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ शहर के युवा, ऊर्जावान और कुशल नेतृत्व के लिए पहचाने जाने वाले अंकुर जैन को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को संगठन में उनके निरंतर योगदान, कार्यकुशलता और मजबूत संगठनात्मक पकड़ का परिणाम माना जा रहा है।

### सोशल मीडिया प्रभारी बनीं डॉ. रश्मि



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छग की नवनियुक्त सोशल मीडिया सहप्रभारी डॉ.रश्मि सोनकर ने प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया जितना अच्छा है उतना ही बुरा भी है, बस इसका उपयोग समाज हित में ही करना चाहिए और युवाओं को सावधानी रखना चाहिए ताकि वे किसी स्कैम के शिकार न हों और न ही किसी समाज विरोधी टिप्पणी, पोस्ट से बचें। डॉ.रश्मि सोनकर बहुत लंबे समय से जिले व नगर के आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर जूझती रहती हैं उनका लक्ष्य है कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

### रविवार को सोनहत के घुघरा में लगा विशेष शिविर

# जल-जंगल को करें संरक्षित: रेणुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/सोनहत

कोरिया जिले में 21 दिसंबर को सोनहत विकासखंड के ग्राम घुघरा में रविवार को सुशासन सप्ताह के तीसरे चरण के अंतर्गत सरई की छांव में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुई। भारत सरकार के सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण थीम पर आधार रविवार की शिविर में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसमें से स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई एवं पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाया गया। आयुष विभाग ने निःशुल्क आयुष काढ़ा व दवाइयां वितरण की गई। कृषि विभाग ने 10 किसानों को मसूर के बीज, 5 वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को पावर स्पेयर प्रदान की गई। अनुविभाग सोनहत द्वारा 4 आय, 1 निवास, 3 जाति, 2 सीमांकन, 3 जनहानि प्रमाण पत्र वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छग महिला कोष योजनांतर्गत 2 महिलाओं को चेक प्रदान किया गया। आवा पानी जोहरी अभियान के तहत शिविर में जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए अतिथियों ने आम के पेड़ों पर पानी डाला, साथ ही 5 प्रतिशत मॉडल प्रदर्शनी लगाई गई, सोख्ता गड्ढे का निर्माण किया गया और काफी संख्या में पौधरोपण किया गया।

विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज छुट्टी के दिन प्रशासन आपके द्वारा पर आया है, और आप लोगों को प्रशासनिक योजनाओं की जानकारियां प्रदान कर रहे हैं। यहां सभी विभागों ने अपने अपने विभागीय जानकारी दिए हैं सभी इसका लाभ उठाएं। जल संरक्षण की महत्व को बताते हुए उन्होंने जल, जंगल के संरक्षण करने का लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि हम लोग बहुत खूशनसीब है जो प्रकृति से घिरे हुए है, शुद्ध हवाएं हमे प्राप्त हो रहे हैं, इसका दुरूपयोग न करें। उन्होंने कहा कि हमें अगर पानी चाहिए तो इसके लिए जंगल का होना अति आवश्यक है। जल जंगल और संस्कृति हमारी धरोहर है, यही हमारा पहचान है इसका हमें दुरूपयोग नहीं करना है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने लोगों की सुशासन सप्ताह की जानकारी देते हुए कहा कि हम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म दिवस की सुशासन दिवस मनाते हैं और 19 दिसंबर से 25 दिसंबर को सुशासन सप्ताह मनाते हैं। इस तारतम्य में 21 दिसंबर को घुघरा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर बहुउद्देशीय है, इस शिविर के माध्यम से प्रशासन गांव की प्रस्थान करती और लोगों के समस्याओं से रू-ब-रू होते हैं। कलेक्टर ने लोगों से जल जंगल को संरक्षित करने की अपील की और जंगल में दावगनी जैसे समस्या न हो इसके लिए आग लगने वाले माध्यमों को जंगल में उपयोग ना करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पेड़ों का होना पानी के बहाव को रोकता है जिससे पानी भूमिगत होता है और उसी पानी को हम पीते हैं। जल संसाधन हमारे लिए अति आवश्यक है अतः सभी अपने घरों में पेड़ लगाए एवं अपने घरों सोख्ता गड्ढ़ा अवश्य बनाएं, ताकि पानी भूमिगत हो और भूजल स्तर बढ़ सके। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी, जनपद सदस्य आशादेवी सोनपाकर, अनुविभागीय अधिकारी सोनहत, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



मंच पर उपस्थित अतिथि।

### जल है तो कल है, थीम पर निर्मित मनरेगा मॉडल ने खींचा ध्यान



जिले के जनपद पंचायत सोनहत में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत रविवार को ग्राम पंचायत घुघरा में शिविर आयोजित किया गया। 21 दिसंबर को घुघरा नर्सरी के समीप आयोजित इस शिविर में रिज टू वैली अवधारणा के आधार पर मनरेगा द्वारा निर्मित किए जाने वाले संरचनाओं का मॉडल प्रस्तुत किया गया। इसके द्वारा जीवंत प्रदर्शन कर जल संरक्षण के महत्व को दशार्या गया। जल संरक्षण के लिए सजग ना होने पर जल विहीन गांव एवं जागरूक आम नागरिकों द्वारा जल संरक्षण युक्त गांव के माध्यम से जल के महत्व को समझाया गया, इसे सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों द्वारा बेहद सकारात्मक संदेश के साथ पसंद किया गया।

# नशीले इंजेक्शन का सप्लायर गिरफ्तार, 200 इंजेक्शन जब्त

**बिलासपुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता, सरगुजा संभाग द्वारा नशीले इंजेक्शन के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में उड़नदस्ता टीम ने कोरिया जिले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए नशीले इंजेक्शन के एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबीर से सूचना मिली थी कि थाना पटना चौकी पंडोपारा अंतर्गत ग्राम सांवारांवा निवासी दिलीप सोनवानी अपने घर में भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन रखकर बिक्री करता है। सूचना की तस्दीक के बाद योजनाबद्ध तरीके से 21 दिसंबर की सुबह उसके घर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान आरोपी के शयनकक्ष से एक प्लास्टिक बोरी में रखे 100 नग रेक्सोजेसिक इंजेक्शन एवं 100 नग एविल इंजेक्शन, कुल 200 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। इसकी कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। मौके पर मौजूद आरोपी दिलीप सोनवानी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(सी) के तहत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को 21 दिसंबर को न्यायालय बैकुंठपुर में रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल करने का आदेश दिया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि कोरिया जिले में उड़नदस्ता टीम की यह पहली कार्रवाई है, इससे पूर्व सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिलों में नशीले इंजेक्शन के मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। वहीं जशपुर एवं एमसीबी जिले में भी इंजेक्शन विक्रेताओं की पतासाजी की जा रही है, जहां शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बीते चार महीनों में नशीले इंजेक्शन एवं कफ सिरप विक्रेताओं पर यह 31 वीं बड़ी कार्रवाई है, जिससे पूरे सरगुजा संभाग में नशे के सौदागरों में हड़कंप मचा हुआ है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक अंजू एक्का शामिल रही।

■ संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की कार्रवाई



### रनई में हिन्दू सम्मेलन 26 को

**बैकुण्ठपुर।** गिरजापुर मंडल के अंतर्गत ग्राम रनई स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में 26 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की जिम्मेदारी श्री हनुमान सेवा समिति रनई द्वारा निभाई जा रही है। समिति के अध्यक्ष विकास शुक्ला ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। सम्मेलन का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ के साथ होगा। इसके पश्चात पंडित सुयश देव जी महाराज एवं पंडित विक्रम शास्त्री जी महाराज धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता पर अपने उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम में समाज सेविका सुनीता कुर्रे, राज्यपाल सम्मानित सेवा निवृत्त शिक्षक राजलाल राजवाड़े तथा मातृ शक्ति समुंद्री राजवाड़े भी सामाजिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त करेंगी। कार्यक्रम के दौराने विशाल भोग-भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# 31 को फिर सजेगा बहरूपियों का मेला



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले की सांस्कृतिक पहचान और वर्षों पुरानी परंपरा बहुरूपिया महोत्सव की गूंज इस वर्ष भी साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को सुनाई देगी।

इस ऐतिहासिक और लोकप्रिय आयोजन को लेकर नगरवासियों के साथ-साथ कलाकारों में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बहुरूपिया महोत्सव ना केवल स्थानीय संस्कृति को जीवंत करता है ,बल्कि मनेन्द्रगढ़ को प्रदेश और देशभर में एक अलग पहचान भी दिलाता है। इसी क्रम में सांस्कृतिक मंच के सदस्यों ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिबहारी जायसवाल से भेंट कर उन्हें महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया। ⏭ शेष पेज 4 पर

# डोमनहिल में लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित लीग स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ डोमनहिल स्थित अमर कुंज क्रीड़ांगन में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला फुटबॉल संघ के सचिव एवं क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एक विराज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला गोदरीपारा एवं डोमनहिल की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबला अंत तक रोमांचक बना रहा। गोदरीपारा की टीम ने मध्यांतर पूर्व एक गोल कर बढ़त बनाई, जबकि मध्यांतर के बाद डोमनहिल की टीम ने एक गोल दागकर मैच को बराबरी पर ला खड़ा किया। मुख्य अतिथि छग फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं जिला संघ के सचिव अशोक कुमार बिराजी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खेल भावना, अनुशासन और आपसी सद्भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने खिलाड़ियों से टीम भावना के साथ खेलते हुए बेहतर प्रदर्शन करने और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आयोजकों के प्रयासों से चिरमिरी पुनः अपने पुराने गौरव को प्राप्त करेगा। डॉ. एके विराजी ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 10 वर्षों के बाद चिरमिरी के मैदान में लीग टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

वर्तमान में जिले में 18 पंजीकृत टीमें हैं, जबकि पूर्व में 60 से 65 टीमें सक्रिय थीं। पुनः प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक टीमें फुटबॉल से जुड़ें। लीग के पश्चात खिलाड़ी स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 15 वर्षों के बाद जिला फुटबॉल संघ कोरिया के खिलाड़ियों ने कोरबा में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इसमें चार खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। फुटबॉल एसोसिएशन चिरमिरी क्षेत्र के सचिव एवं लीग टूर्नामेंट के आयोजक कंचन पाल ने बताया कि प्रतियोगिता में 20 टीमें भाग ले रही हैं, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। 21 से 25 दिसंबर तक चिरमिरी जोन, जबकि 26 से 30 दिसंबर तक मनेन्द्रगढ़-जंनकपुर जोन की टीमें मुकाबले खेलेंगी। सभी मैचों का रोचक आंखों देखा हाल अजय कुमार बघेल ने दर्शकों तक पहुंचाया।

निर्णायक मंडल में पूरन कश्यप, चंद्रशेखर पोलई एवं संदीप पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैच देखने के लिए काफी संख्या में खेलप्रेमी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यशाला

# सुशासन का अर्थ केवल योजना बनाना नहीं बल्कि क्रियान्वयन है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय कार्यशाला मानस भवन भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता एवं जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम पश्चात अतिथियों ने भारत माता, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। बैठक में जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, सहकारिता विभाग के उपाध्यक्ष जगदीश साहू, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, रविशंकर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, कृष्णावती यादव, जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, गणेश यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी ⏭ शेष पेज 4 पर




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।



कार्यशाला में उपस्थित भाजपाई।

हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### क्विज प्रतियोगिता में 170 छात्राओं ने की भागीदारी

**अम्बिकापुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर गुरूवार को क्षेत्रीय प्रमुख श्री रणधीर सिंह शासकीय कस्तूरबा गांधी हायर सेकेण्डरी स्कूल में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्कूल के 170 बच्चों भागीदारी की। इस दौरान मुख्य प्रबंधक रोहितास यादव ने छात्राओं को अपने कैरियर के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि पढ़ाई का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। बच्चों को बैंकिंग सेवा एवं चार्टर्ड एकाउंटेड की तैयारी की जानकारी दी। वरिष्ठ प्रबंधक श्याम गुप्ता ने बच्चों से बैंक, गणित, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, भूगोल, तार्किक योग्यता एवं अन्य विषयों पर केंद्रित प्रश्न पूछा। जवाब देने वाले बच्चों को उपहार दिया। बैंक के गोविंद सिंह एवं अविनाश खलखो ने बच्चों से प्रश्न पूछा। अधिकारियो ने शिक्षिकाओं को बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती गुलाब खेस, श्रीमती मिताली गुप्ता, श्रीमती यशोदा यादव, श्रीमती श्वेता सोनी आदि उपस्थित थे।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे



**अंबिकापुर।** पीएम श्रीकेंद्रीय विद्यालय में ग्रैंड पेरेंट्स डे 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के प्रति सम्मान, स्नेह तथा पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। विद्यालय की प्रभारी एचएम श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए दादा-दादी के अनुभवों, संस्कारों एवं बच्चों के जीवन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शुभेच्छा गीत सामूहिक गायन के रूप में सराहनीय रहा। बाल वाटिका-3 के बच्चों के नृत्य तथा कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों द्वारा मंच संचालन ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक समय दिया जाता है ने वर्तमान समय में बच्चों और परिवारों के बीच संवाद, मोबाइल के बढ़ते उपयोग तथा समय के सदुपयोग जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से उजागर किया। इसके पश्चात कक्षा चौथी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य ने क्षेत्रीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। दादा-दादी के लिए आयोजित खेलों में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग गतिविधियां रखी गई जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य राजेश प्रसाद ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। आभार प्रदर्शन शिक्षक विलियम सोरेंग ने किया।

### महिला का हिजाब खींचना गरिमा और धार्मिक पहचान पर सीधा हमला

**अंबिकापुर।** कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा कि बिहार में सरकारी समारोह के दौरान नियुक्ति पत्र वितरण के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का हिजाब खींचे जाने की घटना अत्यंत शर्मनाक, निंदनीय और अस्वीकार्य है। संविधान की शपथ लेने वाला एक मुख्यमंत्री यदि सार्वजनिक मंच से किसी महिला की गरिमा, सम्मान और धार्मिक पहचान से इस तरह खिलवाड़ करता है, तो यह केवल असंवेदनशीलता नहीं बल्कि एक गंभीर नैतिक और संवैधानिक अपराध है। हिजाब केवल कपड़ा नहीं, बल्कि उस महिला की पहचान, आस्था और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उसे जबरन हटाने की कोशिश करना एक महिला की इज्जत और धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह घटना राज्य के मुखिया द्वारा की गई। जब मुख्यमंत्री ही ऐसा आचरण करें, तो राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। हालात इतने शर्मनाक हो गए कि सुरक्षाकर्मी को हस्तक्षेप कर उस महिला को पीछे खींचना पड़ा, ताकि मुख्यमंत्री की इस आपत्तिजनक हरकत का तमाशा और न बढ़े।

### भाजपा आईटी सेल मंडल कार्यकारिणी की घोषणा

**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला सूरजपुर द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में भाजपा आईटी सेल मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक शिव कुमार राजवाड़े द्वारा सूची जारी की गई। जारी कार्यकारिणी सूची में शशि रंजन सिंह को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। संगठन ने उन पर भरोसा जताते हुए डिजिटल माध्यम से पार्टी की नीतियों, योजनाओं और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है। शशि रंजन सिंह ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।



## मरम्मत के अभाव में पुलिया का स्लैब टूटने के कगार पर

# जर्जर हुआ ग्राम पंचायत धोंधा का पुल कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नदी पर बनी पुलिया गांव के विकास में न सिर्फ अहम भूमिका निभाती है बल्कि गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण होती है। पुलिया के निर्माण से गांव के लोगों के लिए एक बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो जाती है। ऐसे में पुलिया क्षति ग्रस्त हो जाए तो इसका सीधा असर गांव के लोगों पर पड़ता है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत धोन्धा की हो गई है। गांव के नदी पर बनाए गए पुलिया देख रेख के अभाव में काफी जर्जर हो गई है। आलम यह है कि पुलिया का स्लैब लगातार टूटता और धंसता जा रहा है जिससे कभी भी पुलिया क्षति ग्रस्त हो सकती है। ऐसे में समय रहते मरम्मत नहीं किया गया तो आने वाले दिनो में कभी भी पुलिया धराशायी हो सकता है और एक झटके में कई गांव का संपर्क टूट सकता है। ग्रामीणों ने पुलिया की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

**खास बात**
- ग्रामीणों ने की पुलिया मरम्मत करने मांग

विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत धोन्धा स्थित नदी पर बनी पुलिया की हालत बेहद जर्जर और भयावह हो चुकी है। पुलिया का स्लैब लगातार टूटता और धंसता जा रहा है, जिससे भविष्य में कभी भी आवागमन पूरी तरह बाधित होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार यदि समय रहते तात्कालिक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो पुल का स्लैब पूरी तरह टूटकर नीचे गिर सकता है, जिससे 20 से 25 गांवों का संपर्क एक झटके में कट जाएगा। गौरतलब है कि धोन्धा नदी पर पुलिया के निर्माण की स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई थी और इसका निर्माण सेतु लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया गया था। बताया जा रहा है कि यह पुल लगभग वर्ष 2004–05 के दौरान बनाया गया था। निर्माण के समय ही ग्रामीणों ने घटिया गुणवत्ता को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन विरोध के बावजूद काम पूरा कर दिया गया। ऐसे में पूर्व में बरती गई लापरवाही आज क्षेत्र के लोगों के लिए खतरा बन चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल के ठीक बीचो-बीच बने कॉलम के निचले हिस्से में मजबूत आधार बेस नहीं बनाया गया। बिना ठोस फाउंडेशन के कॉलम खड़ा कर दिया गया, जिससे वर्षों बाद अब उसका असर सामने आ रहा है। स्लैब नीचे की ओर धंस रहा है और जगह-जगह दरारें साफ दिखाई दे रही हैं। जिस तरह से स्लैब धंस रहा है और पुलिया में दरारे पड़ रही है ऐसे में कभी भी पुलिया क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल स्थल निरीक्षण कर पुलिया की मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण की मांग की है।



जर्जर पुलिया।

### टूट सकते है 20 से 25 गांव के संपर्क

पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से 20-25 गांव के लोगों के आवागमन पर असर पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि इस पुलिया से रोजाना स्कूली बच्चे, किसान, मजदूर, ग्रामीण सहित भारी वाहन गुजरते हैं। पुल के ध्वस्त होने की स्थिति में न केवल आवागमन बाधित होगा, बल्कि क्षेत्र का विकास भी ठप पड़ जाएगा। पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीणों को वैकल्पिक मार्ग के अभाव में कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी।

#### आए दिन होती है दुर्घटना

पुलिया में दरार पड़ जाने तथा बेस के धंसने से पुलिया ऊंची नीची हो गई है। ऐसे में पुलिया से गुजरने के दौरान कई वाहन सवार दुर्घटना का शिकार हो चुके है। हाल ही में एक बड़ी दुर्घटना भी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गया। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश और बढ़ गया है।

#### लिखा जाएगा पत्र

इस मामले को गंभीरता से ली जाएगी। इस संबंध में संबंधित विभाग और कलेक्टर से चर्चा करूंगी। पुलिस के जर्जर होने पर जांच कराई जाएगी और यह पता किया जाएगा की पुलिया कब बनाया गया और विभाग से जांच करने पत्र लिखा जाएगा।
-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

## तुलसी नाला में तेज रफ्तार अनियंत्रित कार गिरकर पलटी, तीन युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शनिवार को अंबिकापुर -बनारस मार्ग में मारुति अर्टिगा कार तेज गति में अनियंत्रित होकर तुलसी नाला में गिरकर पलट गई,जिसमें कार सवार तीन युवकों को चोटे आई है,बताया गया कि आर्टिंगा कार क्रमांक सीजी 30 एच 5275 में शनिवार की हुई घटना के बाद कार सवार युवक पलटी हुई कार में ही बुरी तरह फंस गए थे।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले कार में फसे तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है,प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में श्रवण पिता लक्ष्मण, दीनानाथ पिता महाजन गोंड एवं रामबरन पिता ललई राम तीनों निवासी ग्राम बगड़ा,थाना त्रिकुंडा जिला बलरामपुर सवार थ,वे त्रिकुंडा से अंबिकापुर की तरफ़ जा रहे थे ,दोपहर करीब एक बजे वाहन चालक का अचानक नियंत्रण खोने से कार तुलसी नाला में जा पलटी जिसके बाद कार में सवार तीनों लोग वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गए,सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता, प्रधान आरक्षक दिलेश्वर,आरक्षक विकास कुमार मिश्रा एवं आरक्षक शोभनाथ मौके पर पहुंचे,पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी लटोरी भेजा है,हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग अवरुद्ध हो गया था,जिसे पुलिस द्वारा तत्परता से सुचारू रूप से चालू कराया गया। घायलों के विषय में पुलिस ने बताया कि कार चालक श्रवण को सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आई हैं,अन्य दो घायलों को भी चेहरे एवं शरीर में चोटें आई हैं।



तीनों घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया गया है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## कोहरे की चादर में ढंका नगर आवागमन पर पड़ा असर

**प्रतापपुर।** शुक्रवार की रात 8.30 बजे से अचानक कोहरे की चादर से पूरा नगर ढक गया। लोगों ने बताया कि इस तरह का दृश्य पहली बार देखने को मिला है जब चारों तरफ धुंध ही धुंध ओस ही ओस था। कोहरे के कारण रात में चलने वाली वाहन भी रुक गए। कड़कड़ाती ठंड ने लोगों को यह याद दिला दिया न जाने कई वर्षों बाद ऐसा कोहरा और ठंड देखने को मिला है। पूरी रात कोहरा के चादर से पूरा नगर ढका रहा। सड़क किनारे खड़े लोग सड़क के दूसरी ओर पर भी नहीं देख पा रहे थे। लोगों ने कहा कि प्राकृतिक ने अपना स्वरूप बदल दिया है इस तरह का नजारा महानगरों में देखने को मिलता था मगर अब प्रतापपुर में भी इस तरह का दृश्य देखने को मिल रहा है। लोगों ने कहा कि हमने अपने 50 साल के उम्र में ऐसा नजारा नहीं देखा था। कोहरा के वजह से सामने से आ रही वाहन भी दिखाई नहीं पड़ रही थी। आज सुबह 12 बजे के आसपास सूर्य की रोशनी लोगों को देखने को मिला जो पूरा चर्चा का विषय रहा। उम्मीद किया जा रहा है कि जिस तरह का ठंड आज दिन में है फिर से यह नजारा देखने को मिल सकता है।

## विद्युत विस्तार की मांग लेकर ग्रामीणों का आंदोलन जारी, संगठनों ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

भीषण ठंड के बीच चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांवों में विद्युत विस्तार की मांग लेकर सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गजमोचन सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन आंदोलन 6वें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड में आंदोलनकारियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा लोग बीमार हो रहे हैं। ग्रामीण विपरीत मौसम के बावजूद विद्युत विस्तार शुरू होने के बाद ही आंदोलन समाप्त करने की जिद पर अड़े है।

क्षेत्र में विद्युत विस्तार की बहु प्रतीक्षित मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण आंदोलन के लिए एकजुट हो गए है। विपरीत मौसम में आंदोलनकारियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आंदोलन के 6 दिन गुजरने के बावजूद अभी तक आंदोलनकारियों से चर्चा करने कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है जिसके कारण आंदोलनकारी आक्रोशित हैं और आंदोलन को उग्र करने की योजना बना रहे हैं। आंदोलनकारियों से बात करने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि न ही सत्ताधारी दल के पदाधिकारी ही पहुंचे हैं जिससे आंदोलनकारी स्वंय को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुश्री शशि सिंह आंदोलन स्थल पर पहुंची एवं आंदोलनकारियों की मांग को सही बताया। उन्होंने तत्काल कलेक्टर, एसडीएम एवं डीएफओ से बात कर स्थिति से अवगत कराया तथा व्यवधानों का निराकरण कर विद्युत विस्तार कराने की बात कही। शशि सिंह ने आंदोलनकारियों को हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया। गोंगपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम अधीन पोया भी अन्य पार्टी पदाधिकारियों के साथ शनिवार को आंदोलन स्थल पर पहुंचे तथा अपना समर्थन दिया। सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष अमरदीप सिंह आयाम पदाधिकारियों के साथ अपना समर्थन देने आंदोलन स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान सरपंच गजमोचन सिंह, रनसाय खैरवार, शिवमंगल सिंह, संतलाल खैरवार सहित कल्याण सिंह, जितेंद्र साकेत, तुलसी, अशोक जायसवाल, लक्ष्मण जायसवाल आदि उपस्थित थे।




## थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने परिजन ने लगाई एसपी से गुहार, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मणिपुर दर्रीपारा मोहल्ले में हुई मारपीट की घटना में किशोर को आरोपी बनाए जाने पर आज परिजन ने किशोर के मारपीट में शामिल नहीं होने तथा उसके साथ ही मारपीट किए जाने की शिकायत को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। साथ ही किशोर के साथ मारपीट करने वाले युवकों के विरुद्ध अपराध दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में मणिपुर निवासी महेन्द्र मुण्डा आ. हीरा लाल मुण्डा (50 वर्ष) सहित परिजन व मोहल्ले के लोगों ने बताया है कि 15 दिसंबर की रात 16 वर्षीय पुत्र भोजन कर घर के सामने टहल रहा था। इसी दौरान रात लगभग 11.30 बजे दर्रीपारा निवासी गुरूप्रीत सिंह सिद्धु, आयुष दुबे, अमन दुबे व रितिक सोनवानी सहित लगभग 10 से 12 अन्य युवकों ने घेर लिया और जातिगत गाली गलौज करते हुए डंडे और हाथ मुक्का से बेदम पिटाई की। मारपीट से 16 वर्षीय पुत्र घायल हो गया। इधर मारपीट करने वाले युवकों ने केस में फसने के डर से उल्टा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया और किशोर को आरोपी बना दिया। वर्तमान में किशोर घायल हालत में बाल सम्प्रेषण गृह में निरुद्ध है। परिजन ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि घटना दिवस के सीसीटीवी फुटेज में युवकों द्वारा किशोर के साथ मारपीट करते नजर आ रहे है जबकि किशोर अपने आप को बचाते हुए शोर मचा रहा है। इसके अलावा कुछ लोगों ने किशोर के साथ मारपीट करते देखा है। परिजन ने घटना की जांच किए जाने तथा किशोर के साथ मारपीट करने वाले युवकों के विरूद्ध अपराध दर्ज किए जाने की मांग की है।

## गोंडवाना समग्र विकास क्रांति ने मनाया शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस एवं गुरु घासीदास की जयंती उदयपुर में गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के जिला संयोजक नवल सिंह वरकड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयनाथ सिंह केराम, रितु पंद्राम, विशिष्ट अतिथि के रूप में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सूरज यादव एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रैमुनिया करियाम, जनपद सदस्य श्रवण सिंह वरकड़े रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीद वीर नारायण चौक में पारंपरिक विधि-विधान से बैगा भुमका एवं गोंडी धर्माचार्यों के माध्यम से पूजा अर्चना कर शहीद वीर नारायण सिंह की छाया चित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। ग्राम डूमरडीह गोंडवाना सामुदायिक भवन प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां से पारंपरिक लोक नृत्य के साथ बड़ी संख्या में रैली निकाली गई। रैली अमर शहीद वीरनारायण सिंह चौक से पुनः कार्यक्रम स्थल में वापस आकर आम सभा किया गया। इस दौरान रामजीत आरमोर, मनोहर सिंह उईके, गनेश्वर सिंह टेकाम, समल सिंह अर्मो, ठाकुर सिंह अर्मो, अम्बिका पोर्ते, हुकुम साय आयम, मोहेलाल उईके, महेश कुसरो, मोहर साय कोर्राम, सीताराम पोर्ते, हीरासाय पोर्ते, अनिता सिंह वरकड़े, कलेश्वरी विजय कोर्राम, तुलसी मनोहर उईके, रमेश्वरी पोर्ते, अमृता सिंह कोर्राम, लक्ष्मी सिंह, सिंदराम, श्याम बाई आयम, दिनेश पावले, देव लोचन सिंह उईके, ठाकुर प्रसाद मरकाम, प्रदीप सिंह मरकाम, उमेश्वर सिंह पैकरा सहित अन्य शामिल रहे।



### मोहन बने आईटी सेल के जिला सदस्य

**ओड़गी।** भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के सहमति से भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक शिव कुमार राजवाड़े के द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमे जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे ओड़गी क्षेत्र के युवा नेता मोहन राजवाडें को आईटीसेल का जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। मोहन राजवाडे ने कहा कि संगठन द्वारा मुझे जो जवाबदारी दी गई है उसमे खरा ऊतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा।



## 160 परिवारों को वितरित किया गया कंबल



**केदमा।** केदमा वन परीक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 160 परिवारों को वन विभाग की ओर से कंबल प्रदान किया गया। गौरतलब है कि अभी ठंड अपने चरम पर है। ऐसे में क्षेत्र के अत्यंत पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरबा जो ठंड में अपनी सुरक्षा करने में असमर्थ रहते हैं उन्हें वन विभाग की ओर से 160 परिवारों को कंबल प्रदान किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हमें वनों की रक्षा करनी होगी जिससे ऑक्सीजन एवं तापमान संतुलन को बनाए रखा जा सके। उन्होंने कहा कि शासन पहाड़ी कोरवाओ के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसका लाभ पहाड़ी कोरबाओं को लेना चाहिए। जल, जंगल, जमीन की रक्षा प्रत्येक ग्रामीण को करना चाहिए तथा वनों को आज से बचाए रखना चाहिए। वन संपदा को सुरक्षित रखना हम सब का कर्तव्य है। इस दौरान इस दौरान रामगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रबोध सिंह, पूर्व अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री चंद्रबसु यादव, मीडिया प्रभारी बृजेश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव,जनपद सदस्य नागेश्वरी सिंह, श्रीनाथ सिंह, दीनानाथ यादव, एसडीओ विजेंद्र सिंह ठाकुर, रेंजर कमलेश राय, रामनाथ दहायत, वनपाल गिरीश बहादुर सिंह, शशिकांत सिंह, श्याम बिहारी सोनी, वन रक्षक बसंत राम, इग्नेश बेक, बुद्धसराय राजवाड़े, नरेंद्र कुमार, राजू टोप्पो सहित वन विभाग के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## जीवन दीप समिति की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

# विधायक ने किया सीएचसी व पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में जीवनदीप समिति की साधारण एवं कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा भी शामिल हुई। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया।


उन्होंने वहां भर्ती कुपोषित बच्चों एवं उनकी माताओं को दी जा रही स्वास्थ्य व पोषण संबंधी सेवाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कुपोषित बच्चों के उपचार, पोषण आहार, देखभाल एवं स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए।



बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी एवं जीवनदीप समिति राजपुर के सचिव डॉ. रमेश जायसवाल ने समिति के समक्ष विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्ताव प्रस्तुत किए। चर्चा एवं समीक्षा के उपरांत ओपीडी संचालन को नियमानुसार दो पालियों में करने, दोनों पालियों में लैब सुविधा एवं दवा वितरण सुनिश्चित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही अस्पताल के पुराने भवन की मरम्मत, परिसर में सूख चुके पेड़ों की कटाई तथा अस्पताल की सुंदरता एवं स्वच्छता बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्य कराने के प्रस्ताव भी स्वीकृत किए गए। जीवनदीप समिति के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक मानव संसाधन की नियुक्ति, कार्यालयीन कार्यों के लिए स्टेशनरी एवं अन्य आवश्यक सामग्री की खरीदी के प्रस्ताव भी बैठक में पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं जीवनदीप समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार प्रधान ने की। उन्होंने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सर्दी के मौसम में प्रतिदिन सायंकाल फायर अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र के निरीक्षण के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने, बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौनों की व्यवस्था तथा माताओं के लिए टेलीविजन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

### नव पदस्थ बीईओ प्रदीप सिंह ने किया पदभार ग्रहण

**ओड़गी।** विकास खंण्ड ओड़गी मे नवपदस्थ विकास खंण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर प्रदीप सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। साथ ही नवपदस्थ बीईओ श्री सिंह के पदभार ग्रहण करने से क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता प्रशासनिक व्यवस्था एवं शासकीय योजनाओं के सही क्रियान्वयन की अपेक्षा की जा रही है। इस दौरान नव पदस्थ बीईओ प्रदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सब के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करेंगे और सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।





# अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' का फाइनल ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** अगस्त्य नंदा की चर्चित फिल्म 'इक्कीस' का फाइनल ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसके जरिए फिल्म के अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों को बारीकियों से सामने लाने की कोशिश की गई है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म क्रिसमस पर यानी, 25 दिसंबर को रिलीज होनी थी। अब इसे 1 जनवरी, 2026 को रिलीज किया जाएगा। 'इक्कीस' का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया इस फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं। 'इक्कीस' के फाइनल ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत के डायलॉग से होती है। वह कहते हैं, उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे।

लाइफ Style

# आशिका

## मेरा किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री आशिका पादुकोण का कहना है कि स्टार प्लस के शो 'शहज़ादी है तू दिल की' में उनका निभाया दीपा का किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर है। स्टार प्लस का नया शो 'शहज़ादी है तू दिल की 'लगातार दर्शकों के दिलों को छू रहा है, और इसके असर का एक बड़ा कारण आशिका पादुकोण द्वारा निभाया गया दीपा का भावुक किरदार है।

दिल टूटने, ज़िम्मेदारियों और मजबूती के बीच जूझती एक मां की भूमिका निभा रहीं आशिका ने हाल ही में अपने किरदार और उसे पर्दे पर उतारते वक्त जुड़ी इमोशनल बातों को लेकर खुलकर बात की। आशिका ने दीपा की मानसिक स्थिति पर बात करते हुए कहा कि उनका किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर है, लेकिन भावनात्मक सहारे की उम्मीद में वह कहीं न कहीं नाज़ुक भी है। उन्होंने कहा कि दीपा आत्मनिर्भर है, लेकिन कहीं न कहीं उसे उम्मीद थी कि भानु ज़िम्मेदारी निभाएगा। जब वह उम्मीद टूटती है, तो वह उसे अंदर से तोड़ देती है। मैंने उसी विश्वासघात, निराशा और बेबसी की भावना को महसूस किया, खासकर यह जानते हुए कि वह अपनी बेटी के भविष्य के लिए यहां तक आई है, और यही उनकी परफॉर्मेंस की भावनात्मक नींव को दर्शाता है। आशिका ने बताया कि इस किरदार का सबसे मुश्किल हिस्सा दीपा के चुपचाप सहने वाले दर्द को दिखाना था। उन्होंने कहा कि सबसे कठिन बात दीपा के मन के अंदर चल रही लड़ाई को दिखाना था। वह अंदर से बहुत आहत है, लेकिन अपनी बेटी के सामने खुद को टूटने नहीं देती। बाहर से मजबूत और संभली हुई दिखते हुए उस चुपचाप टूटते दिल को दिखाना भावनात्मक तौर पर बहुत मुश्किल था।



हॉलीवुड मसाला



# नई फिल्म में करेंगे कॉमेडी...

**लॉस एंजिल्स।** सुपरस्टार टॉम क्रूज हमेशा से अपने हैरतअंगेज कारनामों के लिए जाने जाते हैं। इस बार उन्हें नए अंदाज में देखने को तैयार हो जाइए, क्योंकि नई फिल्म का ऐलान हो चुका है। अगर आप सोच रहे हैं कि यह 'मिशनः इम्पॉसिबल' सीरीज का अगला भाग होगा, तो आप बिल्कुल गलत हैं। टॉम की नई फिल्म का नाम 'डिगर' है जिसके निर्देशन की कमान एलेजांद्रो गोंजालेज इनारितु ने संभाली है। फिल्म का पहला टीजर और इसकी तारीख भी आ गई है।



# पीट बने पिता, पार्टनर एल्सी संग किया पहले बच्चे का स्वागत

**लॉस एंजिल्स।** 'द पिकअप' और 'द किंग ऑफ स्टेटन आइलैंड' जैसी फिल्मों के अभिनेता पीट डेविडसन पिता बन गए हैं। उन्होंने पार्टनर एल्सी हेविट के साथ अपने पहले बच्चे (बेटी) का स्वागत किया है। इस खुशखबरी को दोनों ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए प्रशंसकों के साथ साझा किया। इस जोड़े ने अपनी नन्ही परी के नाम का खुलासा भी कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट सामने आने के बाद से प्रशंसक इस जोड़े को बधाई दे रहे हैं। एल्सी ने इंस्टाग्राम पर नन्ही परी की पहली झलक साझा की है। उन्होंने कैप्शन दिया, 'हमारी प्यारी परी बच्ची 12/12/2025 को आई। 'स्कॉटी रोज हेविट डेविडसन...' यह मेरा अब तक का सबसे अच्छा काम है, मैं प्यार, कृतज्ञता और अविश्वास से भरी हूं।' पीट ने बेटी का नाम स्कॉटी शायद अपने दिवंगत पिता स्कॉट डेविडसन के सम्मान में रखा है। एल्सी और पीट ने मार्च, 2025 में डेटिंग शुरू की थी। जुलाई में, मॉडल ने प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था।



# अक्षरा के नए गाने ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह फिर से सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस का नया गाना 'सोना के पलना' यूट्यूब पर रिलीज हो गया है और कुछ ही घंटे में इसे 11 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। ये गाना फिल्म 'अग्निसाक्षी' का है, जिसमें अक्षरा सिंह, तनुश्री और प्रदीप पांडे चिंटू लीड रोल में हैं। गाने की खुशमिजाज कहानी और रंग-बिरंगे सेट ने इसे बहुत मजेदार बना दिया है। गाने में अक्षरा सिंह पीली साड़ी में और तनुश्री हरी साड़ी में बहुत सुंदर दिख रही हैं गाने में एक बच्चे के जन्म का जश्न दिखाया गया है, जिसमें सभी झूमते हुए गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। दर्शक इस गाने में बच्चे की मासूमियत और झूमते हुए किरदारों को देखकर काफी एंजॉय कर रहे हैं। गाने की मीठी धुन और हंसी-मजाक वाला माहौल इसे और भी खास बना देते हैं।



# तू मेरी मैं तेरा... में अनन्या कार्तिक में नोकझोंक

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर जारी हो गया है। फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस ने किया है। निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा हैं। ट्रेलर देखने के बाद दिमाग में धर्मा प्रोडक्शन की पिछली रोमांटिक फिल्मों का रिकैप आना तय है। जैकी श्रॉफ और नीना गुप्ता की झलक भी दिखाई दी है, जिससे साफ है कि दोनों फिल्म का अहम हिस्सा हैं। कार्तिक ने 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन दिया, 'किस्से, कहानियां, चर्चे, दास्तांन... अधूरे इश्क के ही होते हैं।' ट्रेलर की शुरुआत तो कार्तिक, अनन्या की नोकझोंक वाली दोस्ती से होती है, लेकिन बहुत जल्द दोनों भावनाओं के दरिया में ले जाते हैं।

टीवी मसाला

# 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' से हुई शिल्पा शिंदे की वापसी

**मुंबई।** टीवी शो 'भाभीजी घर पर हैं' पिछले कई दिनों से लगातार चर्चा में है। इसका कारण शिल्पा शिंदे की शो में वापसी और पिछली 'अंगूरी भाभी' यानी, शुभांगी अत्रे की विदाई है। शिल्पा की वापसी से प्रशंसकों उत्साहित हैं। इसी उत्सुकता को बनाए रखने के लिए निर्माताओं ने शो का ट्रेलर और स्ट्रीमिंग तारीख को जारी कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' में कॉमेडी के अलावा, हॉरर का तड़का लगेगा।



***इस तारीख से दस्तक देगा 'भाभीजी घर पर हैं 2.0':*** निर्माताओं ने 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' का ट्रेलर जारी किया है, जो देखने में काफी मजेदार है। इस बार कहानी एक रहस्यमयी गांव के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जहां संस्कारी महिला की मूर्ति स्थापित है। अंगूरी भाभी और अनीता भाभी की अदला-बदली से बड़ी विपदा आ चुकी है। दोनों परिवार इससे कैसे निपटता है? यह तो शो आने पर ही पता चलेगा। 22 दिसंबर से रात 10.30 बजे 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' एंड टीवी पर से दस्तक देगा।

# मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद की 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में एंट्री

**मुंबई।** स्टार प्लस का आइकॉनिक शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद गोस्वामी की एंट्री हो गयी है। शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी अब एक नए और मज़ेदार मोड़ की ओर बढ़ रहा है, क्योंकि मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद गोस्वामी शो में ख़ास एपिसोड्स के लिए एंट्री करने वाले हैं। गुजराती सिनेमा और टीवी में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले श्रुहद गोस्वामी को, धार्मिक हिट फ़िल्म लालो, कृष्ण सदा सहायते में कृष्ण का किरदार निभाने के लिए खूब सराहा गया है।



अब जब वे हिंदी टीवी की दुनिया में कदम रख रहे हैं, तो उनकी एंट्री से कहानी में एक ताज़ा और दिलचस्प बदलाव आने की उम्मीद है। श्रुहद गोस्वामी, जिन्होंने अपनी शानदार एक्टिंग और मजबूत स्क्रीन प्रेज़ेंस से अपनी अलग पहचान बनाई है, अब आने वाले एपिसोड्स में एक महत्वपूर्ण किरदार निभाते नज़र आएंगे। हालांकि उनके किरदार के बारे में ज़्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन खबरें हैं कि उनकी एंट्री से चल रही कहानी में बड़ा बदलाव आएगाऔर मुख्य किरदारों की भावनाओं से भरी कहानी और भी गहराई लेगी।

# 'कुश्ती' के अखाड़े में जमाएंगी रंग, ट्रेलर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** भोजपुरी एक्ट्रेस अंजना सिंह की फिल्म कुश्ती जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बीच मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों के बीच एक्ससाइटमेंट देखने को मिल रहा है। महिलाओं को खेल के लिए प्रोत्साहित करना 'कुश्ती' भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाती नजर आ रही है। इस फिल्म ने ये साबित कर दिया है कि महिला किरदार भी अखाड़े में उतरकर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं।




***पिता के सपने को पूरा करते दिखेंगी :*** ट्रेलर में अंजना सिंह एक ऐसी बेटी की रोल निभा रही हैं, जो पिता के अधूरे सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाती है। पिता एक नामी पहलवान होते हैं, लेकिन किस्मत उन्हें खुद लड़ने का मौका नहीं देती। वो बेटी को पहलवानी की कड़ी ट्रेनिंग देते हैं और अंजना भी हर चुनौती को स्वीकार करती हैं। कहानी तब और गहराती है, जब शादी के बाद उसके सपनों पर सवाल खड़े किए जाते हैं। ससुराल की सोच और समाज की बंदिशों के बावजूद अंजना हार नहीं मानती। घर और अखाड़े के बीच संतुलन बनाते हुए वो आगे बढ़ती है, जो ट्रेलर का सबसे प्रभावशाली हिस्सा बन जाता है।

***इस दिन होगी फिल्म रिलीज :*** रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये फिल्म दिसंबर 2025 के अंत तक या जनवरी 2026 की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। असल जिंदगी में भी अंजना सिंह अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं।

# अक्षय कुमार की फिल्म में 6 साल बाद विद्या बालन की एंट्री, बॉक्स ऑफिस पर होगा धमाका

**मुंबई।** अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। इन्हीं में से एक है निर्देशक अनीस बज्मी की फिल्म, जिसके लिए दोनों 15 साल बाद साथ आए हैं। पिछले कई दिनों से इस फिल्म के लिए हीरोइन की तलाश चल रही थी, जो अब अभिनेत्री विद्या बालन पर आकर खत्म हुई है। दोनों 6 साल बाद फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने को तैयार हैं।

### विद्या की हो गई फिल्म में एंट्री

रिपोर्ट के मुताबिक, अनीस की फिल्म में 2 अभिनेत्रियां नजर आएंगी, जिनमें से एक के लिए विद्या के नाम पर मोहर लग चुकी है।अभिनेत्री के किरदार से जुड़ी जानकारी तो बाहर नहीं आई है, लेकिन इतना जरूर है कि वो अक्षय संग फिर काम करने को बेहद उत्साहित हैं। दरअसल,



विद्या और अक्षय के बीच असल में भी काफी अच्छी दोस्ती है। यही वजह है कि विद्या ने भी फिल्म के लिए हामी भरने में देर नहीं लगाई।

### इन फिल्मों में साथ दिख चुके अक्षय और विद्या

बता दें कि 'मिशन मंगल' को 40 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था और इसने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 300 करोड़ रुपये की कमाई की थी। सोनाक्षी सिन्हा, तापसी पन्नू और कीर्ति कुल्हारी भी इसका हिस्सा थीं। साल 2007 में अक्षय और विद्या ने हिट फिल्म 'हे बेबी' में साथ काम किया था। उसी साल आई फिल्म 'भूल भुलैया' में भी अक्षय और विद्या साथ थे और उनकी इस फिल्म ने भी खूब नोट छापे थे।


### अक्षय और विद्या की आने वाली दूसरी फिल्में

अक्षय के खाते में एक से बढ़कर एक फिल्में हैं। एक ओर वो प्रियदर्शन की फिल्म 'हैवान' में सैफ अली खान के साथ नजर आने वाले हैं, वहीं प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' भी उनके पास है। इसके अलावा दोनों फिल्म 'हेरा फेरी 3' लेकर आ रहे हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' भी अक्षय के पास है। दूसरी ओर विद्या को रजनीकांत के साथ फिल्म 'जेलर 2' में देखा जाएगा। फिल्म में उनकी भूमिका बेहद दमदार होगी।

## 'एनिमल' भारतीय सिनेमा की दुनियाभर में सबसे कमाऊ 'ए' रेटेड फिल्म बन गई

# इन भारतीय फिल्मों ने 'ए' रेटिंग के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर किया धमाल

***मुंबई।** यूं तो अब भारतीय फिल्मों के लिए 500 करोड़ की कमाई बड़ी चुनौती नहीं मानी जाती, लेकिन सीमित दर्शक वर्ग, फैमिली ऑडियंस की कमी और कई बार विवादित विषयों के चलते ए-सर्टिफिकेट (एडल्ट रेटिंग) वाली फिल्मों के लिए रिकॉर्ड तोड़ पाना आसान नहीं होता। हालांकि, पिछले कुछ सालों में 'ए' रेटिंग वाली फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की है। कमाई के मामले में ये फिल्में मिसाल बन गईं। एक नजर उन्हीं धांसू भारतीय फिल्मों पर।*




**'एनिमल':** साल 2023 में आई संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी 'एनिमल' इस सूची में सबसे ऊपर है। रिलीज से पहले ही इस फिल्म को लोगों ने आड़े हाथों लिया था। फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट मिला था। सोशल मीडिया पर खूब आलोचना झेलने के बाद जब ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो लोग इसके दीवाने हो गए। दुनियाभर मे 915 करोड़ रुपये कमाकर रणबीर कपूर अभिनीत 'एनिमल' भारतीय सिनेमा की दुनियाभर में सबसे कमाऊ 'ए' रेटेड फिल्म बन गई।

**'धुरंधर':** दूसरे नंबर पर है रणवीर सिंह की 'धुरंधर', जिसने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी है। 'धुरंधर' 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। इसकी रफ्तार जरा भी कम होती नहीं दिख रही है। दूसरे हफ्ते में भी देश और दुनियाभर में फिल्म का प्रदर्शन धमाकेदार रहा। फिल्म 702 करोड़ रुपये कमा चुकी है। अगर यही रफ्तार बनी रही तो 'धुरंधर' भारत की टॉप 'ए' रेटेड कमाऊ फिल्मों में सबसे ऊपर पहुंचकर 'एनिमल' का रिकॉर्ड खतरे में डाल सकती है।





**'सालारः पार्ट 1':** दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 'ए' रेटेड भारतीय फिल्मों में तीसरे स्थान पर 'सालारः पार्ट 1' है, जिसके हीरो प्रभास थे। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन भी थीं। 'सालार' को लेकर जो अंदाजे लगाए गए थे, वो गलत साबित हुए। 'ए' सर्टिफिकेट के बावजूद फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला और प्रभास की ये फिल्म 618 करोड़ रुपये कमाकर दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट बन गई।

**'कुली' और 'कबीर सिंह':** साल 2025 में आई रजनीकांत की फिल्म 'कुली' को भी एडल्ट सर्टिफिकेट मिला और लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 518 करोड़ रुपये बटोरे। उधर साल 2019 में आई फिल्म 'कबीर सिंह' भी इस सूची में शामिल है। संदीप रेडी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में थे। आलोचनाओं के बावजूद इस फिल्म ने दुनियाभर में 377 करोड़ रुपये छापे थे।





## खबर संक्षेप

### एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेल दिवस आज




मनेन्द्रगढ़। एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन 22 दिसंबर को किया जाएगा। यह भव्य आयोजन सुबह 10 बजे से एएचपीएस तेंदुडांड परिसर में प्रारंभ होगा। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह खेल दिवस ऊर्जा, टीमवर्क अनुशासन एवं खेल भावना के उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता, प्रतिभा और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिलेगा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि वार्षिक खेल दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना तथा शारीरिक और मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना है।

### सरभोका में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम



बैकुण्ठपुर। सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल सरभोका में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम 20 दिसंबर को संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती अमीता राजवाड़े ने कार्यक्रम का प्रस्तावना एवं उद्देश्य को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा विद्यालय के उत्कृष्ट भैया-बहनों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया, तथा वक्ता के रूप में श्रीमती दुर्गावती राजवाड़े अध्यापिका पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय महाविद्यालय पटना एवं श्रीमती समुद्री राजवाड़े प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गिरजापुर ने सारगर्भित शब्दों में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने उपस्थिति मातृ शक्तियों को संबोधित किया एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य कृपालराम राजवाडे द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की आचार्या श्रीमती पूर्णिमा राजवाड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत सरभोका श्रीमती श्रुति सिंह पैकरा एवं सरपंच ग्राम पंचायत तेलाईमुड़ा श्रीमती मीना सिंह रहीं। कार्यक्रम में काफी संख्या में मातृ शक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक इकाई का विस्तार

सोनहत। छग सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक इकाई सोनहत के पुनर्गठन एवं कार्यकारिणी विस्तार को लेकर ग्राम कटगोड़ी स्थित आनंदपुर नर्सरी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष विश्वास भगत एवं कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संरक्षक राजेन्द्र सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से ब्लॉक सोनहत बैकुंठपुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष कोरिया द्वारा नियुक्तियों की घोषणा की गई, जबकि चयनित पदाधिकारियों को शीघ्र नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। गठित कार्यकारिणी में कमलेश मारिक को ब्लॉक अध्यक्ष, महेन्द्र राजवाड़े को कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदीप साहू व योगेन्द्र जायसवाल को उपाध्यक्ष, बीरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं प्रयाग सिंह को महामंत्री अनिल कुमार साहू को महासचिव, उदयभान यादव, नरेन्द्र जायसवाल आदि शामिल रहे।

## जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

जिला अस्पताल, एमसीबी में राष्टीय पल्स पोलियो अभियान का भव्य एवं विधिवत शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। इस अवसर पर नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारी काफी संख्या में मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 51 हजार बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान 21, 22 एवं 23 दिसंबर तक तीन दिनों तक चलेगा। प्रथम दिन सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है, जबकि दूसरे एवं तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करेंगी। इसके लिए जिलेभर में कुल 542 बूथ बनाए गए हैं तथा लगभग 1800 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। समाचार लिखे जाने तक जिले के लगभग 85 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा चुकी थी।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला अस्पताल का निरीक्षण भी किया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र राय द्वारा उन्हें मरीजों की संख्या, मरीजों के आवागमन, वर्तमान में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मंत्री ने अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए तथा आश्वासन दिया कि जो उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं रायपुर और बिलासपुर में उपलब्ध हैं, वे भविष्य में एमसीबी जिले में भी उपलब्ध कराई जाएंगी। निरीक्षण के दौरान मंत्री जी ने अस्पताल में भर्ती बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें फ्रूट बास्केट का वितरण किया।



पल्स पोलियो की दवा पिलाते स्वास्थ्य मंत्री।

### बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की



बैकुण्ठपुर। राष्टीय कार्यक्रम पल्स पोलियों अभियान के पहले चरण में रविवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के अलावा जिलेभर में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई गई, इसके लिए शहर में कई सार्वजनिक जगहों पर केन्द्र बनाकर बच्चों को पल्स पोलियों की बूंद पिलाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा निर्धारित समय तक रहे। इस दौरान लोग अपने छोटे -बच्चों को केन्द्र तक लेकर पहुंचे और बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई। वहीं सोमवार को दूसरे दिन स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर पहुंच कर छुटे हुए बच्चों को पल्स पोलियों की दवा पिलाई जाएगी।

# 84 बच्चों का नि:शुल्क हृदय जांच

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के तहत जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में शनिवार को हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में 20 दिसंबर को प्रातः 9 से शाम 6 बजे तक हृदय रोग जांच शिविर आयोजन किया गया।

शिविर में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर से वरिष्ठ सलाहकार एवं क्लीनिकल लीड डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी अपनी टीम-मैनेजर उपेन्द्र शुक्ला, खुमेशर लहरे एवं इको टेक्नीशियन वेद प्रकाश के साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बैकुंठपुर के संयुक्त तत्वावधान में शिविर में शामिल रहें। शिविर में संभावित हृदय रोगी बच्चों का ईको परीक्षण कर कन्फर्म करने पर उन्हें एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा एवं उपचार की व्यवस्था की जाएगी। चिरायु दल के सदस्य कन्फर्म मरीजों को रायपुर तक ले जाते हैं, ऑपरेशन के बाद डिस्चार्ज पर घर तक पहुंचाते हैं तथा फॉलो-अप भी करते हैं, जिससे बच्चों को असामयिक मृत्यु से बचाया जा सके। शिविर में 0 से 18 वर्ष के 84 चिन्हांकित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें (सीएचडी) के 13 बच्चे मौके पर पॉजिटिव पाया गया। इन सभी बच्चों को निःशुल्क इलाज के लिए एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ले जाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि कोरिया जिले के स्वास्थ्य में सुधार के लिए पूरी टीम प्रयासरत है।

उन्होंने बच्चों के माता-पिता को धन्यवाद देते हुए बताया कि चिरायु टीम लगातार कार्य कर रही है और उपचारित बच्चे सामान्य जीवन जी रहे हैं। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है। बच्चे एवं उनके माता-पिता शिविर में आए और निःशुल्क सुविधा प्राप्त कर बच्चे सामान्य जीवन व्यतीत करेंगे। यह जिले में उत्कृष्ट व्यवस्था है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि आरबीएसके चिरायु टीम कोरिया में निःशुल्क परीक्षण एवं उपचार उपलब्ध करा रही है। 21 दिसंबर को 84 बच्चों की हृदय जांच की गई, जिनमें पॉजिटिव कन्फर्म मामले वाले बच्चों को रायपुर ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी ने कहा कि ऑपरेशन के बाद बच्चे सामान्य जीवन जीते हैं। यह उत्कृष्ट कार्यक्रम है, जो निःशुल्क इलाज सुनिश्चित करता है। शिविर में शामिल सिविल सर्जन सह मुख्य अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी, नोडल डॉक्टर डॉ. अभय जुगल तिर्की, जिला अस्पताल आरएमओ डॉ. कार्तिकेय, शिशिर जायसवाल, प्रियंका कुरील समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## दुर्गा पंडाल में श्रीकृष्णमद भागवत कथा का होगा आयोजन

चरचा कॉलरी। नगर पालिका शिवपुर चरचा के सुभाष नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल एक बार फिर आध्यात्मिक ऊर्जा और धार्मिक आस्था का केन्द्र बनने जा रहा है। यहां 20 से 26 जनवरी तक भव्य श्री कृष्णमद भागवत कथा ज्ञान का आयोजन किया जा रहा है, जो निरंतर एक सप्ताह तक चलेगा। कथा के समापन अवसर पर 27 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस भव्य धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 20 जनवरी को प्रातः 9 बजे सुभाष नगर दुर्गा पंडाल से निकाली जाने वाली भव्य कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए छठ घाट पहुंचेगी, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से कलश पूजन संपन्न होगा। पूजन पश्चात यात्रा जगन्नाथ मंदिर, बीटीसी शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर होते हुए पुनः सुभाष नगर दुर्गा पूजा पंडाल व शिव मंदिर पहुंचेगी। यहां प्रभात फेरी के बाद कलश का विधिवत आस्थापन किया जाएगा। कथा के प्रथम दिन से ही प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्रीकृष्णमद भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। इस पावन कथा का वाचन प्रख्यात कथा वाचिका सुश्री साध्वी सरस्वती जी द्वारा किया जाएगा, जिनकी ओजस्वी वाणी, भावपूर्ण प्रवचन और धर्मोपदेश देशभर में श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति एवं संस्कारों की ओर प्रेरित करते रहे हैं। सुश्री साध्वी सरस्वती जी को क्षेत्रवासी स्नेहपूर्वक भारत की शेरनी के नाम से जानते हैं। उनका यह चरचा क्षेत्र में दूसरा आगमन होगा, इससे पूर्व श्रमवीर स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में उनके प्रभावशाली प्रवचनों ने सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और संस्कार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया था। उस ऐतिहासिक आयोजन की स्मृतियां आज भी क्षेत्रवासियों के मन में जीवंत हैं।

# कड़ाके की ठंड में पंडो जनजाति के बुजुर्गों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी।



कड़ाके की ठंड और लगातार पड़ रहे घने कुहासे को देखते हुए जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया (पंजीकृत) के तत्वावधान में मानवीय पहल करते हुए बुजुर्गों एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत चेरवापारा में आयोजित हुआ, जहां पड़ों जनजाति के गरीब, बुजुर्ग एवं असहाय महिला-पुरूषों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, महासचिव योगेश चंद्रा, संरक्षक उत्तम कश्यप, संरक्षक नीरज गुप्ता सहित सदस्य अंकित अग्रवाल, प्रभात दास एवं कमरुनिशा उपस्थित रहीं। सभी ने जरूरतमंदों को कंबल प्रदान कर मानवीय संवेदना का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह ने कहा कि शीतलहर और अत्यधिक ठंड के दौरान समाज के कमजोर वर्गों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई लोग रातें खुले आसमान या असुरक्षित स्थानों पर बिताने को मजबूर होते हैं। ऐसे समय में उनकी सहायता करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है और जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया हमेशा गरीबों, मजदूरों एवं वंचित वर्गों के साथ खड़ा रहा है। कंबल वितरण के दौरान काफी संख्या में जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे।

बुजुर्गों, महिलाओं एवं असहाय लोगों को प्रतिनिधियों के माध्यम से कंबल प्रदान किए गए। प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि ठंड के मौसम में किसी को भी असहाय छोड़ना उचित नहीं है, इसलिए इस प्रकार के सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने प्रशासन एवं समाजसेवी संगठनों से भी अपील की कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण बीमार न पड़े या अपनी जान न गंवाए। कंबल प्राप्त करने वालों में पंडो जनजाति के मनोज पंडो, इतवारिया पंडो, अटरिया पंडो, बिफइया पंडो, पार्वती पंडो, शिव पंडो, नंद कुमार पंडो, साहेब लाल पंडो, समयलाल, बहलो, कलेसरी, फुलेश्वरी एवं सुशीला पंडो शामिल रहे। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और संतोष स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। बुजुर्गों और लाभार्थियों ने जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में परस्पर सहयोग और संवेदनशीलता ही सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाती है। इस तरह के कार्यक्रम न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में सेवा और इंसानियत का सकारात्मक संदेश भी देते हैं।

### बाजार में आ गए आम...



बैकुण्ठपुर। आम का मौसम अभी नहीं आया है, लेकिन अब के दौर में आम पूरे वर्ष बाजार में बिकता है फलों के बाजार में 200 रूपए किलो बे मौसम आम बिक रहा है।

## पोड़ी बचरा में विशेष शिविर



बैकुण्ठपुर। भारत सरकार के सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जिले में शनिवार को ग्राम पंचायत पोड़ी (बचरा) में विकासखंड स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य थीम पर केन्द्रित इस शिविर में विभिन्न विभागों ने योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई एवं टीबी मरीजों को पोषण बैग व 3 आयुष्मान कार्ड वितरित किए। आयुष विभाग ने निःशुल्क आयुष काढ़ा व दवाइयां बांटी। कृषि विभाग ने 12 किसानों को मसूर के बीज दिए। एड्स मुक्त कोरिया बनाने के लिए एनएनएस वॉलेंटियर्स ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने शिविर में उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। सभी को इसका लाभ लेना चाहिए। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि शिविर में आए सभी लोग जागरूक हों।

# विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कछोड़ में विधानसभा स्तरीय (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। कार्यशाला में भरतपुर-सोनहत की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, भाजपा संगठन के जिला प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले एवं रमन अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया, संगठनात्मक जिम्मेदारियों तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। जिला प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल ने अपने संगठनात्मक अनुभव साझा करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर सशक्त और व्यवस्थित कार्य से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने एसआईआर को एक संवैधानिक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसे अनुशासन, समन्वय और जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। रमन अग्रवाल ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की मजबूती का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से न केवल अपात्र नामों को हटाया जाता है, बल्कि पात्र नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकार भी सुनिश्चित होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और सजगता के साथ इस अभियान में सहभागिता निभाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने संगठनात्मक ढांचे की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं संयोजक संगठन की नींव हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान की सफलता सीधे तौर पर बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जागरूकता पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का आग्रह किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 31 को फिर...

मंत्री ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन के प्रति अपनी गहरी आत्मीयता प्रकट की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वीडियो संदेश के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मनेन्द्रगढ़ की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनेन्द्रगढ़ प्राकृतिक संपदा और समृद्ध संस्कृति का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि बहुरूपिया महोत्सव को देखने के लिए हर वर्ष लाखों की संख्या में दर्शक यहां पहुंचते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के अंतिम दिन आयोजित होने वाला यह महोत्सव उत्साह, उल्लास और आनंद का प्रतीक बन चुका है। मंत्री श्री जायसवाल ने आयोजक मंडल और नगरवासियों को इस भव्य आयोजन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए आने वाले नववर्ष की भी बधाई दी।

### सुशासन का अर्थ ...

जगनारायण साहू, सह प्रभारी राकेश गुप्ता उपस्थित रहें। जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर जिला, मंडल एवं प्रत्येक बूथ स्तर पर अटल जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि किया जाएगा। उन्होंने कहा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यकर्ताओं को संगठित करके पार्टी संगठन को मजबूत कर और अटल जी की विरासत के संरक्षक के रूप में पार्टी की भूमिका को और सृदृढ़ करें। जिला संगठन प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और उनके द्वारा स्थापित सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका सही क्रियान्वयन और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने गांव को शहरों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन के सुगम मार्ग की व्यवस्था कराए। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

## मनरेगा योजना ग्रामीण मजदूरों को पलायन से रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम रही

# मनरेगा को समाप्त करने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।



केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) से महात्मा गांधी जी का नाम हटाने एवं मनरेगा योजना को समाप्त करने के विरोध में 21 दिसंबर को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने धरना-प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण मजदूरों को पलायन से रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम रही है। जब देश में डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब संसद में आम सहमति से मनरेगा कानून पारित हुआ था। यह एक क्रांतिकारी कदम था, जिससे करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार का कानूनी अधिकार मिला और विशेष रूप से वंचित, शोषित, गरीब एवं अतिगरीब वर्ग को सम्मानपूर्वक रोजी-रोटी का साधन प्राप्त हुआ। मनरेगा के माध्यम से लोगों को अपने गांव, अपनी माटी और अपने परिवार के साथ रहकर काम मिला, जिससे मजबूरी में होने वाला पलायन रुका और ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाया गया। यह योजना महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास थी। पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव ने कहा कि आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने मनरेगा को कमजोर करने के बजाय अब उसे पूरी तरह समाप्त कर दिया है। कोविड काल में यही योजना गरीबों के लिए संजीवनी साबित हुई थी, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने बिना किसी विचार-विमर्श, बिना विपक्ष को विश्वास में लिए और बिना जमीनी हकीकत समझे मनरेगा का स्वरूप बदलकर उसे खत्म कर दिया। योगेश शुक्ला ने कहा कि पहले केन्द्र-राज्य हिस्सेदारी 90:10 थी, जिसे बदलकर 40:60 कर दिया गया, जिससे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ा और योजना लागू करना कठिन हो गया। अब यह तय किया जा रहा है कि किसे, कितना और कहां रोजगार मिलेगा, जो पूरी तरह दिल्ली में बैठकर तय किया जाएगा, जबकि ग्रामीण भारत की वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। कांग्रेस ने स्पष्ट कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं थी, बल्कि देशहित और जनहित से जुड़ा कानून था। भाजपा सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर करोड़ों किसानों, श्रमिकों, भूमिहीनों और ग्रामीण गरीबों के हितों पर सीधा हमला किया है। यह महात्मा गांधी के नाम पर नहीं, बल्कि उनकी विचारधारा पर किया गया प्रहार है। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ मुख्तार अहमद, आशीष यादव, बिहारी राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, भूपेन्द्र यादव, प्रवीर भट्टाचार्य, शैलेन्द्र सिंह, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, सुरेन्द्र तिवारी, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, रामाधार टोप्पो, आशीष डबरे, अविनाश पाठक, गणेश जायसवाल, अंकित गुप्ता, वसीम अधिवक्ता, सुरेन्द्र कुमार, जाग्रत कुर्रे, अनिल सिंह, हीरालाल साहू, संतोष गोयन आदि शामिल रहे।